उत्तर प्रदेश शासन,

ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2,

संख्या-17/2018/187/92-2-2018-04सूचना/2017

लखनऊ :: दिनांक:: 25 जनवरी, 2018

**कार्यालय-ज्ञाप**

जनपद-बलरामपुर में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा सम्पर्क मार्ग श्रीदत्तगंज गोमडी से चवई खुर्द तक लिंक मार्ग में निर्माण कार्य में की गयी अनियमितता के फलस्वरूप मुख्य प्राविधिक परीक्षक, तकनीकी सम्परीक्षा प्रकोष्ठ, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ द्वारा की गयी जॉच आख्या दि0 31-03-2017 एवं 26-04-2017 में परिलक्षित शासकीय क्षति की धनराशि रू0 7,48,672.00 के लिये प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाये जाने पर श्री ए0के0 सक्सेना, अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-बलरामपुर को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुये उनके विरूद्व शासन के कार्यालय ज्ञाप सं0-93/17/961/92-2-17-04सूचना/17, दि0 19-06-2017 द्वारा उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम-7 के अंतर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुये जांच के सम्पादनार्थ अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परि0-लखनऊ को पदेन जांच अधिकारी नामित किया गया था। शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त प्रश्नगत अनुशासिनक जांच में जांच अधिकारी परिवर्तित करते हुये अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परि0-लखनऊ के स्थान पर अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परि0-कानपुर को पदेन जांच अधिकारी नामित किया गया है।

2- प्रश्नगत प्रकरण में श्री ए0के0 सक्सेना, अधिशासी अभियंता (निलम्बित) के प्रार्थना पत्र दिनांक 07.11.2017 तथा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र दि0 29.11.2017 द्वारा की गयी संस्तुति के संबंध में शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त श्री ए0 के0 सक्सेना को उनके विरूद्व अनुशासनिक कार्यवाही यथावत प्रचलित रहने की शर्त के साथ तत्काल प्रभाव से एतदद्वारा सेवा में बहाल किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- श्री ए0के0 सक्सेना की तैनाती के संबंध में आदेश पृथक से निर्गत किये जायेगें।

श्री राज्यपाल के आदेश से,

मो0 इफ्तेखारूददीन

अपर मुख्य सचिव।

**संख्या-17/2018/187(1)/92-2-2018 तददिनांक।**

प्रतिलिति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

2- श्री ए0के0 सक्सेना, तत्का0 अधिशासी अभियंता, ग्रा0अभि0वि0, प्रखण्ड-बलरामपुर सम्प्रति कार्यालय अधीक्षण अभियंता, परि0-लखनऊ द्वारा-निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभि0 वि0, उ0प्र0, लखनऊ।

3- ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1

4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अवध नारायण)

उप सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in